प्रेषक,

जयन्त नार्लिकर
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांक 31 दिसम्बर, 2018

विषयः- वित्तीय वर्ष 2018-19 में के0जी0एम0यू0 के नवनिर्मित शताब्दी फेज-2 में प्रथम तल पर स्थित ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में बी0एस0एल0-3 माडुलर लैब बनाये जाने हेतु धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

---

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-9123/योजना अनु0/2018, दिनांक 11-12-2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा के0जी0एम0यू0 के नवनिर्मित शताब्दी फेज-2 में प्रथम तल पर स्थित ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में बी0एस0एल0-3 माडुलर लैब बनाये जाने हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति का अनुरोध किया गया है।

2- के0जी0एम0यू0 के नवनिर्मित शताब्दी फेज-2 में प्रथम तल पर स्थित ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में बी0एस0एल0-3 माडुलर लैब बनाये जाने हेतु शासनादेश संख्या-64/2018/1220/71-2-2018-केजीएमयू-71/2017, दिनांक 27 मार्च, 2018 द्वारा रू0 516.22 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अबतक रू0 258.11 लाख अवमुक्त की जा चुकी है, जिसका विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 | शासनादेश संख्या एवं दिनांक | अवमुक्त धनराशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 64/2018/1220/71-2-2018-केजीएमयू-71/2017, दिनांक 27-3-2018 | 203.90 |
| 2 | 65/2018/1220/71-2-2018-केजीएमयू-71/2017, दिनांक 27-3-2018 | 54.21 |
| | **योग-** | **258.11** |

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में के0जी0एम0यू0 के नवनिर्मित शताब्दी फेज-2 में प्रथम तल पर स्थित ट्रान्सफ्यूजन मेडिसिन विभाग में बी0एस0एल0-3 माडुलर लैब बनाये जाने हेतु धनराशि रू0 203.90 (रूपया दो करोड तीन लाख नब्बे हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

1) स्वीकृत धनराशि को बैक/डाकघर/पी0एल0ए0 में नहीं रखा जायेगा। प्रायोजना में प्रस्तावित मात्राओं को निर्माण/स्थापना के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण दायित्वकुलसचिव का होगा।
2) कार्य की गुणवत्ता, मानक आदि का पूर्ण उत्तरदायित्व विश्विद्यालय के कुलसचिव का होगा।
3) निष्प्रयोज्य होने वाले उपकरणों/सामग्री से प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय। वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 30-3-2018 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन किया जायेगा।
4) विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था से कार्य के सम्परीक्षित लेखे अवश्य प्राप्त कर, शासन/महालेखाकार को यथासमय उपलब्ध कराया जाय।
5) आहरण एवं वित्रण अधिकारी द्वारा 02-02 माह की आवश्यकता के लिए आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरण कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायी जाय तथा कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि के 80 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिए पुनः आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जाय।
6) कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है तो उसे राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया जाय। प्रायोजना हेतु पूर्व निर्गत शासनादेशों में उल्लिखित शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7) प्रश्नगत कार्य की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति से शासन को प्रत्येक माह अवगत कराते हुए यथासमय कार्यदायी संस्था/संस्थान के सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करते हुए उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन/महालेखाकार को उपलब्ध कराया जायेगा।

4- धनराशि को कोषागार से वित्त अधिकारी के0जी0एम0यू0, लखनऊ द्वारा आहरित किया जायेगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक अनुमान अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के पूंजी लेखा लेखाशीर्षक ''4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-03-चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-06-किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश-24-वृहत निर्माण कार्य'' के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के आदेश संख्या-1/2018/बी-1-375/दस-2018-231/2018, दिनांक 30 मार्च, 2018 द्वारा प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिहित किये गये अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

( जयन्त नार्लिकर)
विशेष सचिव ।

संख्या- 153/2018/3597(1)/71-2-18-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2) प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3) कोषाधिकारी, लखनऊ ।
4) वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0, लखनऊ।
5) वित्त ई-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/
6) महाप्रबन्धक/प्रबन्ध निदेशक/परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, लखनऊ।
7) स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0।
8) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

( कुलदीप कुमार रस्तोगी )
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।